Roll No. .... **Total Pages : 03**

GSM/M-21 1655

HINDI
(Compulsory)
(For B. Sc. Students)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 40

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6×2=12**

(क) शादी, शादी, शादी ! क्या शादी ही दुनिया में सब कुछ है ! घर में बच्चा मर रहा है और तुम्हें शादी सूझ रही है । आखिर तुम लोगों को हो क्या गया है ? वह अभी मृत्यु शैया पर पड़ी थी कि तुमने मेरी साली को लेकर शादी की बात चला दी । वह मर गई, मैं अभी रो भी न पाया कि तुम शगुन लेने पर जोर देने लगी ।

(ख) बस हो चुका । बाबू रामस्वरूप, आपने मेरे साथ दगा किया । आपकी लड़की बी. ए. पास है और आपने मुझसे कहा था कि सिर्फ मैट्रिक तक पढ़ी है । लाइए मेरी छड़ी कहाँ है ! मैं चलता हूँ । (छड़ी ढूँढ़ कर उठाते हैं) बी. ए. पास ? उफ्फोह ! गजब हो जाता है । झूठ का भी कुछ ठिकाना है ।

(ग) उसमें अधिक आकर्षण है । इसलिए तुम एक दूसरे के प्रति खिंचे । चाहे वह प्रेम था, चाहे वह घृणा थी; पर असल बात रक्त के खिंचाव की थी, वह होकर रही । काश कि........मैं निर्मम हो सकती, काश कि मैं संस्कारों की दासता से मुक्त हो सकती ! हो पाती तो कुल, धर्म और जाति का भूत मुझे तंग न करता और मैं अपने बेटे से न बिछुड़ती ।

(घ) यह निम्न स्तर की वृत्ति हमारे अंदर इस तरह से घर कर गई है कि हमारी जीवन संबंधी धारणा ही निम्न स्तर की होकर रह गई है । हम हँसते हैं तो वह हँसी निम्न स्तर की होती है । प्रेम करते हैं, तो वह प्रेम निम्न स्तर का होता है..........।

2. लक्ष्मी नारायण लाल **या** विष्णु प्रभाकर में से किसी **एक** का साहित्यिक परिचय दीजिए । **6**

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : **8**

(i) शिक्षा और राजनीति

(ii) विज्ञान और पर्यावरण प्रदूषण

(iii) आकाशवाणी

(iv) गाँधी दर्शन

(v) कम्प्यूटर तथा इंटरनेट ।

4. मुख्य सचिव हरियाणा सरकार की ओर से जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र को एक अर्द्ध-सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें उनके द्वारा भिवानी जिले में बाढ़ से हुई क्षति की पूर्ति हेतु माँगी गई राहत राशि की प्रार्थना पर हो रही कार्यवाही की बात कही गई हो । **9**

अथवा

हरि सन्स, अम्बाला सिटी को तार भेजकर बनारसी सिल्क मगवाएँ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों के हिन्दी-तकनीकी अर्थ लिखिए : **5**

(i) Indicator

(ii) Nucleus

(iii) Phenomenon

(iv) Inertia

(v) Parasite

(vi) Pharmaceutical

(vii) Intestine

(viii) Osmosis

(ix) Projection

(x) Plasma

(xi) Index

(xii) Ovary

(xiii) Vibration

(xiv) Virus

(xv) Sublimation

(xvi) Spectrum.